मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 10 अंक - 06 मुंबई, सोमवार, दिनांक 31 अक्टूबर से 06 नवंबर 2022 पृष्ठ : 4 कीमत : 3 /- रुपये

## मोरबी हादसे में गई 132 लोगों की जान

### पीएम मोदी ने रद्द किया रोड शो और अहम बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात और राजस्थान के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इसी बीच रविवार को गुजरात के मोरबी में मच्छु नदी पर बना एक केबल पुल के टूटने से 132 लोगों की मौत हो गई। इसके बाद पीएम मोदी ने मोरबी पुल हादसे के मद्देनजर सोमवार को अहमदाबाद में होने वाले अपने रोड शो को रद्द करने का फैसला किया है। रविवार की देर शाम गुजरात भाजपा मीडिया सेल ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में होने वाला पेज कमेटी स्नेह मिलन कार्यक्रम भी स्थगित कर दिया गया है।

एएनआई से बात करते हुए गुजरात भाजपा के मीडिया संयोजक डॉ. याग्नेश दवे ने इस खबर की पुष्टि की कि मोरबी त्रासदी के मद्देनजर सोमवार को उत्सव का कोई कार्यक्रम नहीं होगा। मोरबी हादसे में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित कई लोगों के मारे जाने की खबर है। हालांकि 2900 करोड़ की रेलवे परियोजनाओं को समर्पित करने का कार्यक्रम अपने तय समय के अनुसार होगा। वहीं,





मोरबी हादसे में अब तक मरने वालों की संख्या 132 हो गई है। राजकोट से भाजपा के सांसद मोहनभाई कल्याणजी कुंदरिया ने कहा कि एनडीआरएफ बचाव अभियान चला रहा है।

**मरने वालों में ज्यादातर बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग**

उन्होंने कहा कि मरने वालों में ज्यादातर बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग हैं। बाकी को बचाने का काम किया जा रहा है। एनडीआरएफ का बचाव अभियान जारी है। हम इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं, यह बहुत दुखद घटना है। कंदरिया ने कहा कि घटनास्थल पर मौजूद मशीनरी पानी को बाहर निकालने की कोशिश कर रही है ताकि पानी के नीचे शवों का पता लगाया जा सके, क्योंकि नदी में बहुत गाद है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि पुल ओवरलोड हो गया और इसी वजह से घटना हुई।

मौके पर मौजूद चश्मदीद अमित पटेल और सुकराम ने कहा कि हो सकता है कि पुल पर भारी भीड़ की वजह से यह घटना हुई हो। घटना के तुरंत बाद राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि पीएम मोदी ने स्थिति की बारीकी से निगरानी करने और प्रभावित व्यक्तियों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए कहा है।

## कदम कदम पर कैलेण्डर 2023



### विज्ञापन दर

| | |
|---|---|
| विजिटिंग कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 2000/-<br>:12 माह 20000/- |
| डबल वि. कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 3000/-<br>: 12 माह 30000/- |

कैलेंडर हेतु विज्ञापन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022

संपादक - छोटेलाल शर्मा

मो.:09819862172

प्रबंध संपादक - अनिल शर्मा

मो.:09833329721

नोट :चेक, डीडी. 'कदम कदम पर' के नाम से जारी करें.

Email : kadamkadampar1@gmail.com

A/c Name : Kadam Kadam Par
Branch : Kanjurmarg (East), Mumbai - 78.
Bank of Maharashtra Kanjur Marg (W)
A/c No. : 60342646436
IFC Code : MAHB0000397

## विधायक बच्चू कडू ने रवि राणा से माफी मांगने को कहा...!


**मुंबई** : प्रहार जनशक्ति पार्टी के विधायक बच्चू कडू ने निर्दलीय विधायक रवि राणा से माफी मांगने को कहा है। राणा ने कडू पर शिवसेना के एकनाथ शिंदे नीत खेमे में शामिल होने के लिए पैसे लेने का आरोप लगाया है। राणा और कडू ने शिंदे-भाजपा सरकार के वरिष्ठ नेताओं से इस मुद्दे का हल निकालने की मांग की है। राणा रविवार को मुंबई पहुंचे और कडू के रविवार रात तक पहुंचने की संभावना है। इस साल जून में शिंदे की अगुवाई में शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ बगावत की गयी थी, जिसके कारण तत्कालीन उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिर गयी थी। कडू उस सरकार में मंत्री थे। शिंदे ने बाद में भारतीय जनता



पार्टी (भाजपा) के समर्थन से सरकार बना ली। राणा और कडू अमरावती जिले में क्रमशः बदनेरा तथा अचलपुर विधानसभा सीटों का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा मुख्यमंत्री शिंदे नीत गठबंधन सरकार का समर्थन कर रहे हैं। कडू ने राणा को आरोपों का सबूत पेश करने या माफी मांगने तथा उनके खिलाफ लगाए आरोप वापस लेने के लिए कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री शिंदे तथा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ही यह बताए कि गुवाहाटी गए विधायकों को पैसे दिए गए थे, या नहीं। राणा रविवार को अमरावती से मुंबई पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''शिंदे और फडणवीस मेरे नेता हैं और मुझे मुंबई बुलाया गया है इसलिए मैं आया हूं।'' कडू के भी मुंबई पहुंचने की संभावना है। उन्होंने अमरावती में कहा कि राणा के आरोपों से उनकी मानहानि हुई है तथा अगर इस मुद्दे का कोई संतोषजनक समाधान नहीं निकला तो उन्हें मजबूरन कोई ''बड़ा कदम'' उठाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि सात से आठ विधायक उनके संपर्क में हैं। हालांकि, उन्होंने इसके बारे में विस्तारपूर्वक नहीं बताया। कडू की प्रहार जनशक्ति पार्टी के 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में दो विधायक हैं। शिंदे के पास शिवसेना के 39 बागी विधायकों के साथ ही कुछ निर्दलीयों और छोटे दलों के विधायकों का समर्थन हासिल है। भाजपा के सदन में 106 विधायक हैं।

## केईएम अस्पताल में रोज आते हैं ब्रेन 'स्ट्रोक' ७०-८० मरीज

**मुंबई** : ब्रेन 'स्ट्रोक' सामान्यतः बुढ़ापे की बीमारी मानी जाती है। लेकिन इस भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी ने युवाओं के ब्रेन पर भी गहरा वार किया है। इन दिनों अनेक युवा ब्रेन स्ट्रोक की शिकायतें लेकर अस्पताल में पहुंच रहे हैं। मनपा के केईएम अस्पताल में ही महीने में २४० स्ट्रोक के मरीज भर्ती हो रहे हैं। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि स्ट्रोक का स्ट्राइक रेट इतना खतरनाक होता है कि यह एक मिनट में ३२ हजार मस्तिष्क कोशिकाओं को नष्ट कर देता है। उल्लेखनीय है कि हिंदुस्थान गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के बोझ का सामना कर रहा है। इनमें से स्ट्रोक 'सबसे' आम बीमारियों में से एक है। स्ट्रोक का मतलब ब्रेन अटैक है, जो देश में विकलांगता का एक प्रमुख कारण भी है। आयु चाहे जो हो, स्ट्रोक किसी को और कभी भी हो सकता है। वहीं बीते कुछ सालों से



मुंबई जैसे शहरों में रहनेवाले लोगों की जीवनशैली में तेजी से बदलाव आया है। इस बदलाव ने खासकर युवाओं में खतरा पैदा कर दिया है। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि तेजी से बढ़ रहे स्ट्रोक के मामलों के लिए खुद युवा ही जिम्मेदार हैं। केईएम अस्पताल में स्ट्रोक विभाग के प्रमुख डॉ. नितिन डांगे ने कहा कि जीवन शैली और भोजन की आदतों में बदलाव के कारण देश में बीते कुछ सालों से स्ट्रोक के मामले बढ़ रहे हैं। जंक फूड, तली हुई चीजें खाना, गतिहीन जीवन शैली, धूम्रपान, व्यायाम की कमी, मधुमेह मेलिटस, उच्च रक्तचाप और विकृत लिपिड प्रोफाइल आदि जैसे कारणों के कारण स्ट्रोक का खतरा बढ़ रहा है।

## गोराई चारकोप में लिफ्ट में फंसकर महिला की मौत!



**मुंबई** : गोराई चारकोप में इमारत की लिफ्ट में फंसकर एक 62 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। गोराई चारकोप स्थित हाईलैंड्स ब्रिज इमारत के चौथे मंजिल पर नगीना अशोक मिश्रा फंस गई थी, जहां उनकी मौत हो गई। इस घटना के लिए एक बार लिफ्ट का मुद्दा गरमाया गया है।

यह हादसा 21 अक्टूबर का है। नगीना अशोक मिश्रा हाईलैंड्स ब्रिज इमारत के चौथे मंजिल पर रहती हैं। वे सुबह मॉर्निंग वॉक के लिफ्ट में घुसी, लेकिन लिफ्ट चौथे और तीसरे महले के बीच अचानक रुक गई। नगीना मिश्रा ने घबराकर अपने बेटे को पुकारा। दरवाजा खोलते समय बिजली का शॉक लगने के बाद सीढ़ियों से भाग कर लाइट बंद किया। इसके बाद लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर पर गिर गई। इससे लिफ्ट के फर्श में दो बड़े होल हो गए। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया कुछ दिन चले उपचार के बाद महिला की मौत हो गई। पिछले दो महीने में लिफ्ट हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। मालाड के चिंचोली बंदर में 17 सितंबर को एक 26 साल की शिक्षिका की फंस कर मौत हो गई थी। इसी तरह कांदिवली में एक 70 वर्ष के बुजुर्ग की लिफ्ट में अटकने से मौत हो गई थी।

## अमरावती में बिल्डिंग ढहने से 5 की मौत

### महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने की मुआवजे की घोषणा

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के अमरावती में एक जर्जर इमारत के गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया. घटना अमरावती के प्रभात टॉकीज सिनेमा क्षेत्र में हुई. अधिकारियों ने कहा, 'दो मंजिला इमारत गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई. इमारत पहले से ही जर्जर हालत में थी.' घालय शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बचाव और राहत कार्य हो पूरा कर लिया गया है. मामले की जांच जारी है.

इससे पहले जून में मुंबई के कुर्ला में चार मंजिला इमारत गिरने से 19 लोगों की मौत हो गई थी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुर्ला इमारत ढहने की घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों



के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों को 2 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की. महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की. इससे पहले, शिवसेना के बागी विधायक मंगेश कुडलकर ने घटना में जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया और घोषणा की कि मृतक के परिवार को प्रत्येक को 5 लाख रुपये दिए जाएंगे जबकि घायलों को एक लाख रुपये दिए जाएंगे. वहीं बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी भिड़े ने कहा कि ढह गई इमारत जीर्ण-शीर्ण थी, 2013 से पहले इसकी मरम्मत के लिए नोटिस दिए गए थे, और फिर इसके विध्वंस के लिए.

मंत्री आदित्य ठाकरे ने भी कुर्ला का दौरा किया और कहा कि बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के नोटिस पर ऐसी संपत्ति खाली कर दी जानी चाहिए थी. ठाकरे ने कहा, 'जब भी बीएमसी नोटिस जारी करे, (इमारतें) खुद खाली कर देनी चाहिए..अन्यथा, ऐसी घटनाएं होती हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण हैं. अब इस पर कार्रवाई करना महत्वपूर्ण है.'

### 'कुछ लोग चप्पल जैसे होते हैं, साथ तो देते हैं पर पीछे से कीचड़ उछालते रहते हैं'

ऊपर की यह लाइन उन्हें समर्पित जिन्होंने मुझे विगत दिनों रात 11 बजे फोन कर परामर्श प्रतिरूप पिछले संस्करण में एक शीर्षक भिन्न-भिन्न पृष्ठ पर प्रकाशित खबर पर रोशनी डाला।

**प्रिय पाठकों,**

यह एक मानवीय भूल थी जिसमें सुधार की गुंजाइश चरिकाल तक बनी रहती है। प्रेस नियमावली की थोड़ी जानकारी मैं भी रखता हूं एक खबर भिन्न-भिन्न पृष्ठों में प्रकाशित होने पर खेद प्रकट करने का प्रावधान नहीं है। यह संदेश सिर्फ अखबार में त्रुटियां ढूंढने वालों के लिए। धन्यवाद. !!!

**- प्रधान संपादक**

## संपादकीय

### मोरबी हादसे पर गरमाई राजनीति

गुजरात के मोरबी में मच्छु नदी पर बने पुल के टूटने से अब तक सौ से ज्यादा लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है. वहीं इस हादसे में सौ से अधिक लोग घायल हो चुके हैं. एक तरफ जहां हादसे में मरने वालों के यहां मातम छाया हुआ है वहीं दूसरी तरफ चुनावों से पहले इस मामले को लेकर राजनीति शुरू हो चुकी है. बीजेपी नेता राम कदम ने इस हादसे के पीछे आम आदमी का हाथ होने की आशंका जताई है. एबीपी न्यूज से बातचीत में राम कदम ने कहा कि एक दिन पूर्व आम आदमी पार्टी के नेताओं का ट्वीट कि बहुत बड़ा धमाका होगा, बहुत बढ़ा झटका लगेगा और उसी दौरान एक वीडियो का आना जिसमें कुछ नौजवान उस ब्रिज को लात से मारकर क्षति पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, क्या वह ब्रिज को क्षति पहुंचाने का प्रयोग था? राम कदम ने कहा कि आम आदमी पार्टी का जिस प्रकार का ट्वीट है और जिसके बाद यह वीडियो सामने आया है क्या यह सोची समझी साजिश है, षड्यंत्र है या फिर ये कोई संजोग है. इसको देकर पूरा देश दुविधा में हैं. वहीं पुल टूटने को लेकर अअढ ने भी बीजेपी पर जोरदार हमला बोला है. आप नेता दुर्गेश पाठक ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बीजेपी आज प्रेपेगेंडा पर चलती है. उन्होंने कहा कि बीजेपी पर आरोप लगाए है. उन्होंने कहा कि पांच दिन पहले एक पुल को निर्माण के बाद जनता के लिए खोला जाता है और पांच दिन बाद ही वह पुल टूट जाता है. आखिर बीजेपी किस मुंह से कोई और बात कर रही है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस पुल की मरम्मत के काम में भ्रष्टाचार हुआ है, जिभी जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए. इन सभी लोगों ने पैसे खाये हैं. पाठक ने कहा कि गुजरात सरकार भ्रष्टाचार का एक जीता जागता उदारण है. कैसे एक पूरा का पूरा प्रोजेक्ट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है, यह पुल इसका जीता जागता उदाहरण है.

# नई बुलंदियों को छू रहे निगम के विद्यालय: सुमन शर्मा

## सुविधाओं से बच्चों की पढ़ाई का स्तर भी सुधरा










**नई दिल्ली।** दिल्ली के निगम विद्यालयों में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इसमें अभिभावकों के साथ अध्यापकों ने व्यक्तिगत स्तर पर संवाद किया और उन्हें बालकों के सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजन की खास विशेषता यह रही कि अध्यापकों ने साथ मिलकर यह संकल्प लिया कि वे अपने बालकों के विकास के लिए स्वयं भी और बेहतर करेंगे। अध्यापिका सुमन शर्मा ने बताया कि निगम के विद्यालयों में बालकों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के साथ -साथ अभ्यास पुस्तिका, पुस्तकें , वर्कशीट व अन्य शिक्षण सुविधाएँ भी प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा कि निगम विद्यालयों से पढ़ कर विद्यार्थी उपलब्धियों के नए आकाश को छू रहे हैं। पूर्व की तुलना में निगम विद्यालयों ने अपनी सुविधाओं की गुणवत्ता में बहुत सुधार किया हैं। सुधारों की यह गुणवत्ता विद्यार्थियों की उपलब्धियों व अभिभावकों के चेहरों के संतुष्ट भावों में साफ परिलक्षित होती हैं। कार्यक्रम में सुमन शर्मा के अलावा अध्यापिका उषा भी उपस्थित थीं।

# कूर्मि समाज ने सरदार पटेल को अर्पित की कृतज्ञ श्रद्धांजलि

भारतरत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती की पूर्व संध्या 30 अक्टू. 2022 को अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा एवं महाराष्ट्र कूर्मि क्षत्रिय समाज के संयुक्त तत्वावधान में मिरारोड (पूर्व) में नवस्थापित सरदार पटेल जी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके जयंती मनाई गई। इस प्रतिमा की स्थापना के लिए अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ यू पी सिंह 2018-19 से मांग करते रहे। प्रतिमा स्थापित किये जाने पर डॉ सिंह ने महाराष्ट्र शासन एवं मीरा भायंदर नगर महापालिका को आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।



इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोंगो ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज की एकता, अखण्डता तथा सरदार पटेल जी नीति-निदेशों एवं विचारों पर चलने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

श्री हरीश वर्मा (अध्यक्ष-महाराष्ट्र कूर्मि क्षत्रिय समाज), डॉ यू पी सिंह (राष्ट्रीय महासचिव-अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा), प्रो. मार्कण्डे सिंह (सहसचिव टङडर) श्री सुभाषचन्द्र सिंह (कोषाध्यक्ष-टङडर), डॉ अमर बहादुर पटेल (सम्पादक-सन्देशा,

श्री राधेश्याम पटेल (प्रचार सचिव-टङडर) श्री सुग्रीव सिंह (सहसंगठन सचिव-टङडर)

श्री नंदू चौधरी, श्री राजाराम कुर्मी, श्री सिरताज चौधरी, श्री अजय वर्मा श्री विक्रम चौधरी श्री राजेन्द्र चौधरी

श्री रामकेश वर्मा, श्री मंगला सिंह, डॉ प्रवीण पटेल, श्री शिव आसरे पटेल श्री रामसूरत सिंह एवं अन्य लोंगो ने सरदार पटेल जी के श्री चरणों मे अपनी कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित की।



माणुसकीची दिवाळी कार्यक्रमा अंतर्गत निराधार महिला, मुले यांना फराळ, साडी, कपडे वाटप करतांना शिव रत्न जिवाजी महाले ट्रस्ट, ओबीसी कर्मचारी महासंघ, महाराष्ट्र प्रदेश नारायणी सेना संगठ्न यांचे वतीने अशोक पवार, विलास मथुरिया, ठाकुर धोंडीराम सिंह राजपूत, नगरसेवक चव्हाण जगताप, दिलीप अनर्थे सुधाकर आहेर आदी मान्यवर.



इंसानियत की दीपावली कार्यक्रम अंतर्गत जरूरत मंद लोगोंको कपड़े, मिठाई देते हुए महाराष्ट्र प्रदेश नाभिक महामंडल पदाधिकारी, जीवाजी mahale प्रतिष्ठान वैजापूर, ओबीसी कर्मचारी महासंघ, महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन पदाधिकारी व नगरसेवक आदी मान्यवर

# धरती पर लोक आस्था के महान पर्व है छठ – राजकुमार नंदवंशी

**मुजफ्फरपुर,** लोक आस्था के महान पर्व है छठ महापर्व यह बातें जिला नाई संघ के वरिष्ठ नेता राजकुमार ठाकुर नंदवंशी ने कहा, साथ ही उन्होंने बताया की धरती पर उर्जा के एकमात्र स्त्रोत भगवान भास्कर के उपासना के इस महापर्व की सभी को शुभकामनाएं!! यह अद्भुत, पारंपरिक विशेष ज्ञान अर्थात विज्ञान है यह जो बिना कीसी यंत्र के उर्जा के ईस एकमात्र स्त्रोत से हमारा साक्षात्कार करवाती है ,यथार्थ और भ्रम के बिच के अंतर को समझाती है, सभी प्रकृतिक शक्तियो की अनुभूति करवाती है! उन शक्तियो में समाहित होने की राह दिखाती है, जब कभी हमारी आस्था डगमगाए तब पुनः ईन शक्तियो पर आस्था करने के लिए प्रेरित करवाने का यह महापर्व! संभवतः आज से अधिक, ईस महापर्व को मौलिक रूप से समझने



की आवश्यकता कभी नहीं थी,, छठी माँ भगवान दिनानाथ पुनः सही रास्ता दिखाए, !

ईस महापर्व पर हम संकल्प ले की जिन शक्तियो की पुजा आस्था के साथ करते हैं, उनको बाकी के साल मे क्षति पहुचाने से बचेगे! जल, थल, देसी बिज, देसी गाय आदि के महत्ता को पुनः समझेंगे! कही ऐसा न हो की हमारे भौतिकवादी सोच ईन सब को ईतना नष्ट न कर दे की आने वाले पिढीयो के लिए यह महापर्व मनाने के लिए ईनमें से कुछ नहीं बचे!

वहीं उन्होंने कहा की इस महान पर्व को बिहार -उत्तरप्रदेश के साथ साथ देश ही नहीं विदेशों में भी बड़े धुमधाम से मनाई जाती है वहीं बड़े उल्लास के साथ दुसरे धर्म को मानने वाली महिलाएं भी मनोकामना पूर्ण होने पर पर्व मनाती हैं।

# गांव के युवा चला रहे हैं स्वच्छता मुहीम सफाई कर्मी का दर्शन हुआ दुर्लभ

**सीखड़,** सीखड़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत बटौवा में दो राजस्व गांव सभा है लरछुट और पुरनपट्टी जिसमें बटौवा के सफाई कर्मी का



दर्शन हुआ दुर्लभ गांव में गंदगी का लगा अंबार. डेंगू, मलेरिया चिकनगुनिया का खतरा है बरकरार गांव वाले का कहना है कि सफाई कर्मी नहीं आते है कमोवेश स्थिति यही है जनता की गाड़ी कमाई टैक्स के माध्यम से सरकार के पास जाती है वही पैसा सरकारी कर्मचारियों को वितरण सैलरी के रूप में किया जाता है बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी स्थिति जैसी की तैसी बनी हुई है. इस स्थिति को देखते हुए गांव के युवा खुद सार्वजनिक स्थल तथा अपने घर के आस पड़ोस सफाई का मुहिम चला रहे हैं जो चर्चा का विषय बना हुआ है गांव के युवा रमेश भारती बताते हैं कि सफाई कर्मी कभी आते ही नहीं हैं. गांव को स्वच्छ रखने मैं सहयोग आकाश भारती, गुड्डू भारती, अमित कुमार बिंद, राजेश भारती, उमाशंकर रविशंकर इत्यादि लोग दे रहे हैं.'

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक
**जे.पी.शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
मो.:०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
मो.:०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**श्रीमती कंचन यादव**
**(फैजाबाद, यू.पी.)**
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा (उप संपादक)**
**आर्थिक सलाहकार**
**सतीशचंद्र गुप्ता**
**पंकज (बबलू) यादव**
प्रतिनिधि
**अवनीश कुमार मिश्र**
**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**
**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
साज सज्जा :
**संतोष तिवारी**
(९७६८३६२०९१)
कानूनी सलाहकार
**एड. बी. एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
(मो.: ९४५२७९१५७०)
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं।
वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३
Email : kadamkadampar1@gmail.com
पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# मास का 24वॉ राज्य अधिवेशन 6 व 7 नवम्बर को प्रयागराज इलाहाबाद में - मुकेश कनौजिया

मौलिक अधिकार संघर्ष समिति (मास/MASS) एस.सी. एस.टी. एवं ओ.बी.सी. के कर्मचारियों का एक सामाजिक संगठन है जो कर्मचारियों के हितों के साथ-साथ सामाजिक हितों के लिए समर्पित है.

सामाजिक संगठन समाज को सम्मान और राजनैतिक दल समाज को अधिकार दिलाने का कार्य करते हैं.

सम्मान के बिना अधिकार का कोई महत्व नहीं है आज अधिकार वंचित समाज के राजनेता, नौकरशाह, न्यायपालक ऊंचे- ऊंचे पदों पर विराजमान होने के बावजूद सम्मान नहीं बचा पा रहे हैं इसका मूल कारण है कि जिस व्यक्ति का समाज सम्मानित नहीं होता उस समाज का व्यक्ति सम्मानित नहीं हो पाता है.

सम्मान पाने के लिए समाज के क्रांति के प्रणेताओं के जीवन दर्शन एवं जीवन शैली को अपनाना पड़ेगा उक्त बातें मौलिक अधिकार संघर्ष समिति के प्रदेश महासचिव मुकेश कनौजिया ने कहते हुए बताया कि मौलिक अधिकार संघर्ष समिति का दो दिवसीय उत्तर प्रदेश राज्य अधिवेशन प्रदेश के न्याय नगरी प्रयागराज इलाहाबाद में 6 व 7 नवंबर 2022, दिन रविवार सोमवार को चौरसिया धर्मशाला निकट युनानी मेडिकल कॉलेज प्रयागराज में होना है. सुनिश्चित किया गया है जिसमें जागृत प्रबुद्ध एवं अधिकार वंचित समाज के लोगों से आने की अपील है.

आजादी के 75 वर्षों में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद भी व्यवस्था परिवर्तन नहीं हुआ क्योंकि संविधान की नीतियों का आंशिक अनुपालन ही किया गया इसीलिए संविधान की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मास संगठन संकल्पित है.

अधिवेशन में तन मन धन का सहयोग कर सपरिवार इष्ट मित्रों सहित आप सभी सादर आमंत्रित हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष टी एन मौर्य एवं संचालन अशोक कुमार कोरी राष्ट्रीय महासचिव करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन संगठन के संस्थापक माननीय जेपी शास्त्री के हाथों होगा.

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में राजबहादुर शंखवार राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनंतराम यादव राष्ट्रीय सचिव, उदय कुमार कोविद राष्ट्रीय मुख्य संगठन सचिव, रमेश चंद्र नंदवंशी राष्ट्रीय संगठन सचिव, लालमति राव राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, राजेश शर्मा राष्ट्रीय संप्रेक्षक के साथ-साथ समाज के चुनिंदा प्रमुख वक्ता भी भाग लेंगे.

कार्यक्रम को डॉ. विमल यादव, विजय नाथ ठाकुर, दिलीप चौधरी, शिवपूजन गौतम, मुकेश बौद्ध, जगराम गुप्ता, राम अनुज वर्मा, बृजेश सेन के अलावा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर यादव व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिव प्रताप पटेल भी संबोधित करेंगे. कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न हो जिसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं.



मौलिक अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जेपी शास्त्री जी लखनऊ में बौद्ध सम्मेलन में सिरकत करनें के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए।




मध्य प्रदेश सरकार के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र जी के जेष्ठ भ्राता और डबरा नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ श्रीमन नारायण मिश्र जी (बड़े दादा) सीढ़ी से फिसल कर घायल हुए नगर के युवा कवि ओ.पी.सेन 'आजाद' के निवास पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# भाई दूज पर मुलुंड में कुश्तियों का विराट दंगल संपन्न

**मुंबई :** जय मल्हार कुश्ती उत्सवमंडल, जय हनुमान व्यायाम शाला एवम मुलुंड सिटीजन चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ह्लकुश्तीयों का



विराट दंगल ह्ल भाई दूज के पावन पर्व पर शिवाजी चौक मैदान,गुरू गोविंद सिंह मार्ग, मुलुंड कालोनी पर संपन्न हुआ।

इस दंगल का उद्घाटन अमर शेट्टी एवमअध्यक्षता डॉ आर आर सिंह ने किया। प्रमुख अतिथी के रूप में बापुसाहब कराडे,बी.के.तिवारी ,गोविंद कांबले,संतोषविश्वकर्मा,कन्हैयालाल गुप्ता,मुश्ताक बाबा नीता जोशी,हरीश गुप्ता,अजय शर्मा,राजेंद्र श्रीवास्तव, कमला यादव, दयाशंकर पाल (कुश्ती पंच)उपस्थित रहे।

आयोजन में राजन उटवाल, भगवान किशोर तिवारी, मोहनलाल सिंह,उत्तम गीते,एड.दलजीत मान उपस्थित रहे। एवम विजेता पहलवानों को पुरस्कार प्रदान किया। विशेष अतिथी के रुप में डॉ.सचिन सिंह, प्रभाकर राज,उमेश वाणी,रईस खान,रामु जैसवाल, बिपीन जोशी,जितेंद्र शर्मा,मनीष ठक्कर, निक्सन, राजबहादुर गुप्ता, विपुल गोगरी,राजकुमार गुप्ता, डॉ. आर.पी.वर्मा,का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# बंद पड़े घर के सामने बने बाथरूम में ट्राली बैग मिलने से सनसनी

**सीखड़,** कछवा थाना अंतर्गत खैरा प्राथमिक विद्यालय के पीछे एक बंद पड़े घर के सामने बने बाथरूम में ट्राली बैग मिलने से सनसनी फैल गई ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज लव कुमार सिंह ने ट्राली बैग खुलवाया तो उसमें मोबाइल नंबर मिला उस मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर पता चला बिहार के अरवल थाना क्षेत्र के गाना गांव निवासी रंजीता कुमारी पत्नी अनिल कुमार सिंह जो आरा से लोकमान्य तिलक ट्रेन से भोपाल जा रहा था उसने बताया कि मुगलसराय मिजार्पुर के बीच में ट्राली बैग चोरी हो गई. मिर्जापुर आउटर पर गाड़ी खड़ी होने पर देखा की ट्राली बैग गायब है जिसका कंप्लेन मिजार्पुर जीआरपी में किया है अनिल ने बताया कि ट्राली बैग में पत्नी की साड़ी कपड़े सर्टिफिकेट आदि थे ट्राली बैग मिलने से गांव में सनसनी फैल गई जिस स्थान पर ट्राली बैग मिला वह एरिया सुनसान है गली के पीछे कई मकान बंद पड़े हैं अगर पुलिस नहीं चेती तो कोई बड़ी घटना घटित होने से इनकार नहीं किया जा सकता.

# 'संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस' पर वेब गोष्ठी का किया गया आयोजन

**सीखड़ ,** सोमवार 24 अक्टूबर शुभ दीपावली के पावन पर्व पर नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत प्रातः 10:00 बजे अंतर्राष्ट्रीय शांति स्थापित करने में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका नामक शीर्षक पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता डॉक्टर जितेंद्र कुमार पाण्डेय, असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान, नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा ने अंतर्राष्ट्रीय शांति स्थापित करने




में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा बताया कि संयुक्त राष्ट्र के कार्यों में अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना, मानवाधिकारों की रक्षा करना, मानवीय सहायता पहुंचाना, सतत विकास को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय कानून का भली-भांति कार्यान्वयन करना शामिल है। एवं शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर देकर गोष्ठी को औचित्यपूर्ण बनाया।कार्यक्रम का संचालन डाक्टर अशोक कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डाक्टर अमर कृष्ण यादव ने किया। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मृणालिनी सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# मुलुंड में नि:शुल्क मेडिकल जांच शिविर का आयोजन

**मुंबई:-** श्री महालक्ष्मी महिला ग्रुप, एन.के.टी.कालेज ठाणे,स्नेहा कैटरर्स द्वारा फोर्टिस हास्पीटल, मुलुंड के सहयोग से निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर का आयोजन मुलुंड हाई स्कूल हाल, चंदन बाग रोड, मुलुंड प.पर किया गया।

इस शिविर का उद्घाटन सुप्रसिद्ध समाज सेवी नानाजी भाई ठक्कर ठाणावाला,भागवत कथा आचार्य आशीष भाई व्यास,संजय माली,द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथी के रूप में समाजसेवी डॉ.बाबुलाल सिंह, डॉ.आर.एम.पाल, एड.दलजीत मान,डॉ हिमांशु त्रिवेदी,परम जी ठक्कर,पत्रकार सुलभ जैन,अजय सिंह (मास्टर ),का सत्कार श्री महालक्ष्मी महिला ग्रुप की अध्यक्षा नीता जोशी,मनीषा दैया,भारती



कोटक,सुरेखा सालुंके वर्षा जोशी एवम अन्य महिलाओ द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया।

इस शिविर में फोर्टिस हास्पीटल के जसीम खान, डॉ.अरुण वाणी एवम टीम द्वारा 150 लोगों के ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ई.सी.जी.हृदय रोग, नेत्र जांच की जांच कर उचित सलाह दी गई।

# मुख्य मार्ग पर सड़क के उपर नाला बहाए जाने से ग्रामीणों का जीना हुआ दुश्वार

## दुर्गन्ध और गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं स्थानीय लोग

## जानकारी के बावजूद सेक्रेटरी और प्रधान हैं मौन





**सीखड़।** विकासखंड का मुख्य गांव सीखड़ को मंगरहां से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर महिनों से गांव का नाला बह रहा है। सड़क के किनारे नाले का गंदा पानी जमा हो रहा है जिससे आसपास के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। सड़क पर बह रहे नाला के पानी में से राहगीर प्रतिदिन गुजर रहे हैं लेकिन प्रधान और सेक्रेटरी को इसकी कोई परवाह नहीं है कि नाले का ओवरफ्लो ठीक कराया जाय। गांव के गोपाल साव, ललतू बिन्द, बिन्दू सोनकर का कहना है कि पिछले दो-तीन महीनों से नाला जाम है और नाले का पानी सड़क के उपर बह रहा है। प्रधान और सेक्रेटरी से इसको ठीक कराने को लेकर बार-बार लोगों ने निवेदन किया लेकिन कुछ नहीं कराया गया। राहगीर रतन, सोनू और उमेश का कहना है कि हमलोगों को प्रतिदिन इसी नाले के गंदगी में से होकर गुजरना पड़ रहा है लेकिन गांव के प्रतिनिधियों को कोई फर्क नहीं पड़ता है।

इस बाबत गांव वालों ने कुछ दिनों पूर्व संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी के के सिंह को भी अवगत कराया था तब उन्होंने इसको जल्द से जल्द ठीक कराने का वादा किया था लेकिन अभी तक कुछ नहीं कराया गया है। बीडीओ शिवपूजन भारतीया का कहना है कि उनके संज्ञान में नहीं है। सेक्रेटरी से बात किया जाएगा अगर ठीक कराने लायक होगा तो ठीक करा दिया जाएगा नहीं तो उसकी कार्ययोजना बनवाकर प्रधान देंगे तो उस पर विचार किया जाएगा।

# सभी सैन समाज बंधुओं को नमस्कार आप सभी को पुन: स्मरण कराते हुए

सूचित किया जाता है कि राजस्थान सरकार द्वारा सभी राजकीय विद्यालयों में जो भी पद खाली हैं, उन पदों पर गेस्ट फैकल्टी के रूप में कार्मिकों की नियुक्ति की जा रही हैं।

अतः अपने समाज के जो भी बंधु इ.एि/ एसटीसी किए हुए हैं और यदि वह रोजगार के तलाश में है तो वह समाज बंधु अपने गांव के विद्यालय या अपने गांव के नजदीक के किसी विद्यालय में लगना चाहता है तो इसके लिए 2 नवंबर से लेकर 4 नवंबर तक (मात्र तीन दिन) आवेदन लिए जाएंगे। तो वह संबंधित विद्यालय में अपना आवेदन दे सकता है। यह नियुक्ति अस्थाई तौर पर होगी। इस दौरान

1. तृतीय श्रेणी अध्यापक के लिए वेतन 21000/-
2. द्वितीय श्रेणी अध्यापक के लिए वेतन 25000/-
3. व्याख्याता के लिए वेतन 30000/- होगा।

अतः जो भी समाज बंधु बेरोजगार है वह इसके लिए जरूर आवेदन करें व इसके संबंध में और अधिक जानकारी के लिए जैसे :-

1. कौन से स्कूल में पद रिक्त है?
2. क्या क्या दस्तावेज सलंगन करने है?
3. कौन व्यक्ति किस पद के लिए योग्य है
4. इसकी पूरी आवेदन प्रक्रिया कैसे रहेगी?

इत्यादि विषय में जानकारी के लिए आप अपने नजदीक के किसे सरकारी अध्यापक से संपर्क कर सकते हैं ।

या फिर मेरे नंबर पर कॉल करके आप इसकी पूरी जानकारी ले सकते हैं- 9784100244.

इस सूचना को आप समाज के प्रत्येक बंधुओं तक पहुंचाने की कृपा करें। ताकि कोई समाज बंधु सूचना के अभाव में इस योजना का लाभ लेने से वंचित न रह जाए - भानु सैन भूंगरा मो.9509536568 .

# सायबर स्कैम में मुंबई पुलिस ने की 16 लोगों की गिरफ्तारी

देश में पिछले कुछ वर्षों में सायबर स्कैम के मामले बढ़े हैं। मुंबई पुलिस के सायबर सेल ने ऐसे ही एक मामले में दो बैंक एंप्लॉयीज सहित 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने शहर के एक व्यक्ति को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स में इनवेस्टमेंट का लालच देकर धोखाधड़ी की थी। यह स्कैम एक ऐप के जरिए किया गया था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता से 34 लाख रुपये से अधिक की ठगी की है। शिकायतकर्ता ने शुरूआत में आरोपियों के बताए गए एक ऐप के जरिए 26 लाख रुपये का इनवेस्टमेंट किया था। ऐप पर उन्हें मुनाफा दिख रहा था लेकिन वह रकम को निकाल नहीं पा रहे थे। शिकायतकर्ता ने इसके बाद रकम को निकालने के लिए आरोपियों को अतिरिक्त भुगतान किया लेकिन इसके बाद भी रकम लेने में नाकाम रहने पर उन्हें ठगी का पता चला और उन्होंने लगभग दो महीने पहले सायबर सेल के पास शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायकर्ता



की बैंक ट्रांजैक्शंस से जुड़ी डिटेल्स हासिल की, जिससे यह पता चला कि उनके एकाउंट से रकम को 29 बैंकों के कई करंट एकाउंट्स में ट्रांसफर किया गया है।

इन एकाउंट्स को खोलने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था। इसके बाद पुलिस ने कुछ आरोपियों को मुंबई से गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ में पता चला कि उन्हें जाली दस्तावेजों से बैंक एकाउंट्स खोलने और सिम कार्ड्स उपलब्ध कराने के लिए कुछ रकम दी जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में दो बैंक एंप्लॉयीज को भी गिरफ्तार किया है। ये आरोपियों की मदद कर रहे थे। हालांकि, इस मामले का सरगना फरार है और पुलिस उसे पकड़ने की कोशिश कर रही है।

ऐसे अपराधों पर नियंत्रण के लिए बहुत से राज्यों में पुलिस की सायबर डिविजन बनाई गई हैं। इसी महीने हरियाणा में ऐसे 27,824 फोन नंबर्स की पहचान की गई है जिनका इस्तेमाल सायबर अपराधों के लिए किया जा रहा है। इन फोन नंबर्स को जल्द ब्लॉक किया जाएगा। इन फोन नंबर्स की पहचान सायबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर और कंप्लेंट पोर्टल के जरिए की गई है। इन फोन नंबर्स की डिटेल्स फील्ड यूनिट्स को भेजी गई हैं, जिससे इन्हें होम मिनिस्ट्री के तहत आने वाले सायबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के सायबरसेफ पोर्टेल पर अपलोड कर ब्लॉक किया जा सकेगा।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com